# नियमित रूप से लगाएं राजस्व न्यायालय




## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रमुख सचिव ने दिए निर्देश

**मंडला, देशबन्धु।** प्रमुख सचिव राजस्व विवेक कुमार पोरवाल ने समस्त कलेक्टर्स को वीसी के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एक ही परिसर में लग रहे समकक्ष राजस्व न्यायालयों को मर्ज करने की कार्यवाही कराएं। साथ ही यह सुनिश्चित कराएं कि रेवेन्यू कोर्ट नियमित रूप से लगाए जाएं।

उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग की ओर से संचालित किए जा रहे 12 पटवारी ट्रेनिंग स्कूल के स्थान पर अब केवल भोपाल एवं उज्जैन के 2 पटवारी ट्रेनिंग स्कूल संचालित किए जाएंगे। अधीक्षक भू-अभिलेख तथा सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख के पदों को क्रमशः तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की पदों में मानकीकरण किया जा रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन, राजस्व न्यायालय, अधिनस्थ न्यायालयों की मॉनिटरिंग, राजस्व आयुक्त, आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालय एवं अधिनस्थ कार्यालयों का पुर्नगठन, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना, जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को राजस्व अभिलेखों में दर्ज करना, एनडीएमआईएस, आईएफएमआईएस, बाढ़/अतिवर्षा से निपटने के लिए पूर्व तैयारियाँ, पीएम किसान सम्मान निधि तथा साईबर तहसील के विषय में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। राजस्व विभाग की इस पाक्षिक वीडियो कॉन्फ्रेंस में जिला एनआईसी कक्ष से कलेक्टर सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, तहसीलदार मंडला हिमांशु भलावी, तहसीलदार बम्हनी वृत हीरालाल तिवारी, तहसीलदार अंजनिया अजय श्रीवास्तव सहित संबंधित उपस्थित थे।



# नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट में शामिल हुए दो नये आजीवन सदस्य

**मंडला, देशबन्धु।** नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट में बुधवार को दो नये ट्रस्टी सदस्य शामिल हुए। कटनी के समाजसेवी अतुल गुप्ता और मण्डला के आईसर ट्रेक्टर/काव्या ट्रेक्टर्स के प्रोपाइटर बसंत पटेल ने कलेक्टर सोमेश मिश्रा को नमामि नर्मदे महा आरती ट्रस्ट के पक्ष में आजीवन सदस्यता शुल्क के चैक प्रदान किये। दोनों समाजसेवी सदस्यों ने जिला परिवहन अधिकारी बिमलेश गुप्ता की उपस्थिति में ट्रस्ट की सदस्यता ग्रहण की।

# राजस्व संबंधी प्रकरणों पर विशेष फोकस करें

## कमिश्नर ने वीसी के माध्यम से ली समीक्षा बैठक


**मंडला, देशबन्धु।** जबलपुर संभाग आयुक्त धनंजय सिंह भदौरिया ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी जिलों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी प्रकरणों पर विशेष फोकस करें।

सभी राजस्व अधिकारी इंटेन्सिव एप्रोच में कार्य करें, जिससे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, कब्जा आदि के प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत कराया जा सके। इसके लिए सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार स्तर के राजस्व अधिकारी, पटवारी तथा आरआई की आवश्यकतानुसार टीमें गठित करें, तदानुसार कार्य की गति बढ़ाएं। बैठक में आरसीएमएस, साईबर तहसील, सीपी ग्राम, सीएम मॉनिट/सीएस मॉनिट, बाढ़ राहत/अतिवृष्टि से निपटने की तैयारी, अप्रारंभ निर्माण कार्य, एनआरसी सेंटर, कुपोषित बच्चों का फॉलोअप, टीएचआर का वितरण, पोषण ट्रेकर के माध्यम से मॉनिटरिंग, समग्र ईकेवाईसी, मनरेगा लेवर बजट, जल जीवन मिशन, सीएम हेल्पलाईन, ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से फाईलों के मूवमेंट, जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत अमृत सरोवर, डगवेल, खेत तालाब, माय भारत पंजीयन तथा रबी उपार्जन के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। वीडियो कॉन्फ्रेंस में मंडला एनआईसी से कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा सहित संबंधित उपस्थित थे।



## सार-समाचार

### आज से शुरू होगा कांग्रेस में मैराथन



**मंडला, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कॉग्रेस कमेटी के निर्देश पर मध्यप्रदेश कॉग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत 12 जून दिन गुरुवार को सुबह 11 बजे, स्थानीय वन विश्राम गृह में आगमन हो रहा है।

केंद्रीय पर्यवेक्षक श्रीमती चारूलता टोकस जी प्रदेश प्रवेक्षक निलय डागा जी संगठन प्रभारी श्रीमती किरण अहिरवार जी सह संगठन प्रभारी श्री समीर खान जी मंडला जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मुख्यालयों पर संगठन की बैठक कर रायशुमारी करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी मंडला के अध्यक्ष एड राकेश तिवारी ने सभी वरिष्ठ पदाधिकारीयों,मोर्चा संगठन विभाग प्रकोष्ठ पार्षदगण सेक्टर मंडलम एवं समस्त कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल अष्टविनायक मैरिज लॉन डिंडोरी नाका पहुंचने की अपील की है।

### अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एज्युकेशन के तहत प्रशिक्षण आयोजित



**मंडला, देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देश पर जिले में संचालित प्री प्रायमरी कक्षाओं में पढाने वाले शिक्षकों दो दिवसीय ईसीसीई यानी अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एज्यूकेशन के तहत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस दौरान भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स ने शिक्षकों को ऐसे सिखाया कि वे खेल खेल में किस तरह बच्चों को पढाने और विद्यालय से जोड़ें। डाइट प्राचार्य डी एल उइके व डीपीसी मंडला के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण का समापन डाइट मंडला में किया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर रघुवीर सिंह मसराम, संतोष साहू (एपीसी) , श्रीमती इंद्रा सिंगरौले, मदन नंदा के साथ साथ जिले के विभिन्न शालाओ से पधारे शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

### सपोर्ट पर्सन के लिए 15 दिनों के भीतर करें आवेदन

**मंडला, देशबन्धु।** यौन उत्पीड़न के शिकार बच्चों को उनके मददगार बनकर बयान दर्ज करवाने से लेकर पैरवी में मदद करने, परामर्श उपलब्ध करवाने एवं सरकारी योजनाओं के तहत सहायता दिलवाने में मदद करने के लिए लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 39 के प्रावधानों के तहत प्रदेश के समस्त जिलों में सहायक व्यक्तियों का इम्पेनलमेंट किया जाना है। सामाजिक कार्य/समाज शास्त्र/मनोविज्ञान या बाल विकास में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त व्यक्ति अथवा बाल शिक्षा और विकास या सुरक्षा मुद्दों में न्यूनतम 3 वर्ष के अनुभव के साथ स्नातक। जिलों में सहायक व्यक्ति के रूप में कार्य करने के लिए अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता तथा अनुभव रखने वाला कोई भी अशासकीय व्यक्ति अथवा बाल अधिकारों या बाल संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय संगठन अथवा बच्चों के संरक्षण के लिए जिम्मेदार बालगृह या आश्रयगृह से जुड़ा कोई भी अधिकारी सहायक व्यक्ति के रूप में आवेदन करने के लिए पात्र होगा। जिलों में सहायक व्यक्ति के रूप में कार्य करने के लिए इच्छुक व्यक्ति/संगठन की प्रति प्रकरण प्रति दिन के मान से राशि 500/- का मानदेय दिया जाएगा। सहायक व्यक्ति का कार्य करने के लिए इच्छुक व्यक्ति/संगठन अपना आवेदन संबंधित जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय, जिला पंचायत परिसर, प्रथम तल मण्डला म.प्र. में स्वयं अथवा पंजीकृत डाक/कोरियर/स्पीड पोस्ट से प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर प्रेषित कर सकते हैं।

### युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन 17 जून को

**मंडला, देशबन्धु।** जिला रोजगार कार्यालय मण्डला, आई.टी.आई मण्डला एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मण्डला द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम के अंतर्गत रोजगार मेला का आयोजन 17 जून 2025 को नगरपालिका मण्डला के टाउनहॉल में किया जा रहा है। मेला सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों के द्वारा रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे।

# गौतम खट्टर के आगमन को लेकर तैयारियां

**मंडला, देशबन्धु।** 14 जून दिन शनिवार को नगर मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गौतम खट्टर का आगमन हो रहा है। यहां पर वे एक सभा को संबोधित करेंगे।

खटटर के आगमन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। नगर में फ्लेक्स आदि लगाए जा रहे हैं। बता दें कि गौतम खट्टर एक युवा भारतीय पत्रकार, लेखक और यूट्यूबर हैं जो भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म पर अपने आकर्षक भाषणों के लिए जाने जाते हैं। 4 फरवरी 2000 को दिल्ली में जन्मे और उत्तराखंड के हरिद्वार में पले-बढ़े गौतम खट्टर ने अपनी सोशल मीडिया मौजूदगी के लिए पहचान बनाई खासकर



हिंदू संस्कृति पर केंद्रित उनके वीडियो के लिए जिन्हें लाखों बार देखा गया है। उन्होंने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय और देव संस्कृति विश्वविद्यालय से पत्रकारिता और जनसंचार में उच्च शिक्षा प्राप्त की। खट्टर आर्य समाजी विचारधारा के अनुयायी और महर्षि दयानंद सरस्वती के कट्टर शिष्य भी हैं। 2021 में उन्हें भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया था। समाजिक कार्यकर्ता अजय वंशकार ने बताया कि गौतम खट्टर अंर्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हिन्दू विचार धारा के कार्यकर्ता है जिनके औजस्वी उद्बोधन पूरे देश में चर्चा में बनें रहते हैं। इने हम यूट्यूब फैसबुक इंस्टाग्राम या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सुनते आए हैं ऐसे ओजस्वी तेजस्वी वक्ता का 14 जून को मंडला आगमन हर्ष का विषय है। श्रेष्ठ भारत अजेय भारत के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में खट्टर आ रहे हैं। यहां पर उनके अन्य कार्यक्रम भी तैयार किए जा रहे हैं कार्यक्रम स्थल बंधन मैरिज लोन डिंडोरी रोड में किया गया है। जहां पर कार्यक्रम उपरांत जिले के रक्तदाता और समाजसेवियो का सम्मान भी किया जाएगा। उक्त जानकारी समाजसेवी अजय वंशकार द्वारा दी गई।

# भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन एक जुलाई को

## अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ उज्जैन के मार्गदर्शन में होगा कार्यक्रम

**मंडला, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ इस्कॉन के सौजन्य से भव्य जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन मण्डला में किया जा रहा है। यह आयोजन इस्कॉन उज्जैन की प्रेरणा से हो रहा है। पूरे प्रदेश में 34 स्थानों पर रथयात्रा निकाली जा रही है। इस पुनीत कार्य का नेतृत्व भक्ति प्रेम स्वामी महाराज कर रहे हैं, जो इस्कॉन उज्जैन के अध्यक्ष और दीक्षा गुरु हैं। यह दो किलोमीटर लंबी रथयात्रा दोपहर 1 बजे राम मंदिर पड़ाव मंडला से शुरू होकर चिलमन चैक, रेडक्रॉस, नेहरू स्मारक होते हुए माहिष्मती घाट, माँ नर्मदा के तट पर समाप्त होगी। रथयात्रा का समापन शाम 7:30 बजे भंडारे (प्रसाद वितरण) के साथ किया जायेगा। यात्रा में 15 फीट ऊँचा विशेष रथ, जिसमें 10 फीट ऊँचा समायोज्य गुंबद भी है, उज्जैन से मंडला लाया जा रहा है। इस शोभायात्रा में विशेष आकर्षण के रूप में आदिवासी सांस्कृतिक दल शामिल होकर पारंपरिक कीर्तन और नृत्य द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ की सेवा करेंगे। उज्जैन से भक्तों की टोली भी इस रथयात्रा में शामिल रहेगी, पूरे मार्ग में हरिनाम संकीर्तन करती हुई वातावरण को भक्तिमय बनाएगी।

# उमरवाड़ा में कड़कनाथ कुक्कुट पालन योजना इकाई से 7 हितग्राहियों को मिले चूजे

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** संसदीय संकुल परियोजना बिछिया के अंतर्गत ग्राम उमरवाड़ा में कड़कनाथ कुक्कुट पालन योजना इकाई लागत 4400 रूपये जिसमें 75 प्रतिशत अनुदान एवं 25 प्रतिशत हितग्राही अंशदान राशि पर 7 हितग्राहियों को कड़कनाथ योजना हितग्राहियों कमलवती आर्मो, राधा मरकाम, संगीता कुड़ापे, संतोषी सोनवानी, संतोषी रोस्ता, सुब्बे लाल नेती, सुनीता को 40 - 40 कड़क नाथ मुर्गी के चूजे एक माह का आहार एवं औषधि वितरण की गई।

कार्यक्रम में संकुल परियोजना के समन्वयक सुनील नामदेव ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्म निर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते द्वारा चयनित ग्रामों में स्वरोजगार सृजित करने, पलायन रोकने संसदीय संकुल परियोजना के माध्यम से चलाई जा रही शासकीय योजनाओं से आपको लाभांवित किया जा रहा है। डॉ विशाल उद्दे (पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी) पशु चिकित्सालय बिछिया द्वारा योजना से अवगत करा कर मुर्गी के चुजो के रखरखाव की जानकारी दी गई। पुरुषोत्तम लाल धूमकेती (सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी) औरई द्वारा भी जानकारी दी गई।इस अवसर पर पूर्व जनपद एवं (अध्यक्ष)ससदीय संकुल परियोजना उमरवाडा हेमलता मरावी , हितग्राही एवं ग्राम वासी उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर एक पेड़ मां के नाम के रोपे पौधे

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** पर्यावरण विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर एक पेड़ मां के नाम के तहत बिछिया में डॉ. विजय आनंद मरावी के नेतृत्व में सिद्ध स्थल नागनागिन, हनुमान मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया किया गया।

नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी, पूर्व मंडी अध्यक्ष सुनील नामदेव जिला उपाध्यक्ष अशोक नानकानी, महेंद्र राठौर ,भाजपा मंडल महामंत्री नरेश राजपूत, शोभित रावत, चंद्र कुमार झरिया उपाध्यक्ष दीपक कटारे, मिंटू ठाकुर, राजेंद्र यादव ,दीपक पांडे, प्रफुल्ल तिवारी, प्यारेलाल केराम पार्षद, नरेंद्र धुर्वे , न्यायाधीश श्वेता परतें, धर्मेंद्र धुर्वे नगर निरीक्षक, डॉ.अनूप भारतीया बीएमओ, पंकज चौकसे प्रबंधक एक्सिस बैंक, सहित बड़ी संख्या में नगर के जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता गणमान्य नागरिक एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




# सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा

**मंडला, देशबन्धु।** प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पी. नरहरि ने जबलपुर संभाग के समस्त जिलों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिलों की नल जल योजनाओं के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होने कहा कि हर घर तक गुणवत्तायुक्त शुद्ध पेयजल की पहुंचाना सुनिश्चित करें। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पी. नरहरि ने कहा कि पंचायत एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। रोड रेस्टोरेशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि 20 जून तक रोड रेस्टोरेशन का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करें। प्रमुख सचिव नरहरि ने निर्देशित किया कि अनुसूचित जनजाति वर्ग को शतप्रतिशत पेयजल उपलब्ध कराएं। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत एफएसटीसी, एफएचटीसी के लक्ष्यों, उपलब्धियों, हर घर जल घोषित/प्रमाणीकरण, हर घर जल हस्तांतरित, पीएम जनमन एवं डीए सहित अन्य की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मंडला एनआईसी से वीडियो कॉन्फ्रेंस में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, ईई मनोज भास्कर, जल निगम के अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित थे।

# सहायक प्रध्यापक बनीं राखी उइके

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** बिछिया विकास खंड के ग्राम बसनिया निवासी राखी उईके मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण कर जिले और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है राखी उइके ने एमपीपीएससी परीक्षा में असिस्टेंट प्रोफेसर का पद विपरीत परिस्थितियों में दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास के साथ निरंतर प्रयास कर सफलता प्राप्त की है। उन्होंने दर्शन शास्त्र विषय से परीक्षा उत्तीर्ण कर सहायक प्राध्यापक के पद पर चयनित होकर लड़कियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनने का कार्य किया है। राखी का कहना है कि इस सफलता के राह आसान नहीं था लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति और परिवार के सहयोग से उन्होंने इसे2 संभव बनाया।आप सेवा निवृत प्राचार्य उदय सिंह उइके, कीर्ती उइके की सुपुत्री है।



# 108 वाहन न मिलने से मासूम ने तोड़ा दम

**डिंडोरी. देशबन्धु।** जिला अस्पताल एक बार फिर अपनी लापरवाही और बदहाल स्वास्थ्य सुविधाओं के चलते विवादों में घिर गया है। रविवार की रात अस्पताल में भर्ती कराए गए दो माह के मासूम रघुवीर की मौत को लेकर परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय पर ऑक्सीजन सिलेंडर और 108 एंबुलेंस की सुविधा मिल जाती तो रघुवीर की जान बचाई जा सकती थी।

मामला रविवार रात लगभग 8. 55 बजे का है जब छांटा पड़रिया निवासी जितेंद्र कछवाहा अपने दो माह के भतीजे रघुवीर को निमोनिया की गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल उपचार के एि लेकर पहुंचा। डॉक्टरों ने मासूम की स्थिति को देखते हुए उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों को रेफर कागज यह



कहकर नहीं दिए कि पहले एंबुलेंस की व्यवस्था कर लें। इसके बाद परिजनों ने 108 एंबुलेंस सेवा को कॉल किया। कॉल सेंटर से जानकारी दी गई कि थोड़ी देर में एंबुलेंस अस्पताल पहुंच जाएगी लेकिन काफी देर इंतजार के बाद भी न तो एंबुलेंस पहुंची और न ही अस्पताल प्रशासन ने कोई वैकल्पिक सहायता उपलब्ध कराई।

थक-हार कर परिजनों ने प्राइवेट वाहन की व्यवस्था की, लेकिन मासूम की हालत लगातार बिगड़ रही थी जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल से ऑक्सीजन सिलेंडर की मांग की। रघुवीर के बड़े पिता जितेंद्र कछवाहा ने बताया कि हमने ऑक्सीजन सिलेंडर मांगा ताकि जबलपुर ले जा सकें, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने कोई मदद नहीं की। रातभर इंतजार और भागदौड़ के बाद सोमवार की सुबह करीब 7 बजे रघुवीर ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस मामले में जब जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अजय राज से मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। इस घटना ने न केवल अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं बल्कि सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी गंभीर चिंता जताई जा रही है। रघुवीर की मौत ने साबित कर दिया है कि कैसे व्यवस्था की एक छोटी चूक किसी परिवार की पूरी दुनिया उजाड़ सकती है।